R.N.I No.- UPHIN/2021/85937
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

E-mail:
moradabadkilalkaar@gmail.com


# मुरादाबाद की ललकार

सम्पादक : असद आलम
मो:- 9756618439

प्रधान सम्पादक:
मौ. आज़म मो:- 8439198892

वर्ष : 03, अंक : 35 | मुरादाबाद | शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 | पृष्ठ-04 | मूल्य : 02.00 रूपये

## 2014 में आशा, 2019 में विश्वास और 2024 में गारंटी के साथ आए : पीएम मोदी



गुवाहाटीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए असम के नलबाड़ी पहुंचे। यहां रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 4 जून को नतीजा क्या होने जा रहा है, ये साफ दिखाई दे रहा है। इसलिए लोग कहते हैं- 4 जून, 400 पार! फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा, वह 2014 में आशा, 2019 में विश्वास और 2024 में गारंटी के साथ आए हैं।

**कांग्रेस पार्टी ने सियासी फायदे के लिए इन क्षेत्रों को अपने पंजे में फंसा कर रखा था। कांग्रेस के पंजे ने नॉर्थ ईस्ट को इसलिए जकड़ कर रखा था ताकि उनके लिए भ्रष्टाचार और लूट के दरवाजे खुले रह**

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर वार करते हुए कहा, "आज पूरे देश में मोदी की गारंटी चल रही है और नॉर्थ ईस्ट तो खुद ही मोदी की गारंटी का गवाह है। जिस नार्थ ईस्ट को कांग्रेस ने सिर्फ समस्याएं दी थी, उसे भाजपा ने संभावनाओं का स्रोत बना दिया। कांग्रेस ने अलगाववाद को खाद पानी दिया, मोदी ने पूर्वोत्तर को गले लगाने का काम किया। मोदी ने शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किए। जो कांग्रेस के 60 वर्षों में नहीं हुआ, वो मोदी ने 10 साल में कर दिखाया क्योंकि मेरा लिए आपका सपना ही मेरा संकल्प है।" पीएम मोदी ने कहा, "2014 में मोदी आपके बीच एक उम्मीद लेकर आया था। 2019 में मोदी जब आया एक विश्वास लेकर आया और 2024 में जब मोदी असम की धरती पर आया है तब मोदी गारंटी लेकर आया है। 'मोदी की गारंटी' यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी।"

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सियासी फायदे के लिए इन क्षेत्रों को अपने पंजे में फंसा कर रखा था। कांग्रेस के पंजे ने नॉर्थ ईस्ट को इसलिए जकड़ कर रखा था ताकि उनके लिए भ्रष्टाचार और लूट के दरवाजे खुले रहें। अब ये पंजा खुल गया है तो असम में सबका साथ, सबका विकास का मंत्र लागू हुआ है। असम आज केवल दूसरे राज्यों की बराबरी नहीं कर रहा, बल्कि विकास के नए रिकॉर्ड बना रहा है। जिस असम में सड़के नहीं होती थी, वहां 10 साल में 2,500 किलोमीटर नेशनल हाईवे बने हैं, आज देश का सबसे बड़ा ब्रिज भूपेन हजारिका सेतु असम में है, आज देश का सबसे लंबा बोगीबील ब्रिज असम में है, अब गुवाहाटी में असम का अपना एम्स खुल चुका है। असम के पांच जिलों में कैंसर अस्पताल खोलने की योजना में भी तेजी से काम चल रहा है।



### राहुल गांधी का बड़ा आरोप

## लोगों पर एक इतिहास-एक भाषा थोपना चाहती है बीजेपी

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी भारत के लोगों पर एक इतिहास, एक राष्ट्र और एक भाषा थोपना चाहती है और कांग्रेस इसी की रक्षा कर रही है। आज एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए राहुल ने पूछा कि कोई केरल या तमिलनाडु में कैसे आ सकता है और कह सकता है कि वहां एक भाषा होगी। उन्होंने कहा कि ईडी और सीबीआई को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करके भाजपा हमारे देश की प्रकृति को बदलने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस और यूडीएफ भारत की विविधता को स्वीकार करते हैं।

राहुल ने कहा कि हम अपने सभी लोगों की अनेक भाषाओं, परंपराओं और विभिन्न इतिहासों को स्वीकार करते हैं। भाजपा लोगों पर एक इतिहास, एक राष्ट्र और एक भाषा थोपना चाहती है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले, यह एक बुनियादी गलतफहमी है कि भारत क्या है। आप केरल, तमिलनाडु या पश्चिम बंगाल के लोगों के पास कैसे आ सकते हैं और कह सकते हैं कि उनकी एक भाषा होने जा रही है। आप केरल के प्रत्येक नागरिक का अपमान कर रहे हैं। मलयालम सिर्फ एक सरल भाषा नहीं है; इसके अंदर केरल के लोगों का इतिहास, त्रासदी और खुशी छिपी हुई है। केरल की एक माँ अपने बच्चों को इस महान भूमि का इतिहास कैसे समझायेगी? वह इसे अंग्रेजी या हिंदी में कैसे कर सकती है?

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस इसी की रक्षा कर रही है। आगे राहुल गांधी ने फूलों का गुलदस्ता रखा और कहा कि भारत ऐसा दिखता है। उन्होंने कहा कि हर रंग अनोखा है, और हर फूल की एक अलग अभिव्यक्ति है। सोचिए अगर मैं कहूं कि यहां केवल सफेद फूल ही रहेंगे। पत्ते नहीं होंगे। भाजपा और आरएसएस यही करने की कोशिश कर रहे हैं। केरल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और भारत में। इससे पता चलता है कि वे भारत को नहीं समझते हैं।' राहुल ने यह भी बताया कि पीएम मोदी ने हाल ही में तमिलनाडु का दौरा किया था और वहां कहा था कि उन्हें डोसा बहुत पसंद है।

## भाजपा के घोषणापत्र में अल्पसंख्यक शब्द का कोई जिक्र नहीं : औवेसी

एजेंसी समाचार

**हैदराबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अल्पसंख्यकों के प्रति घृणा का भाव रखती है और यहां तक कि उसने अपने घोषणापत्र में भी अल्पसंख्यक शब्द का कहीं इस्तेमाल नहीं किया बल्कि उनका जिक्र वंचित के तौर पर किया है। ओवैसी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अनुप्रिया पटेल की पार्टी अपना दल (के) के साथ एआईएमआईएम का गठबंधन विधानसभा चुनाव में भी जारी रहेगा और पार्टी महाराष्ट्र के अकोला में प्रकाश आंबेडकर और अमरावती में आनंद आंबेडकर को समर्थन देगी।



ओवैसी ने बुधवार को बातचीत में कहा, मैंने 17 अप्रैल को अनेक समाचार पत्रों में भाजपा के विज्ञापन देखे। जरा देखिये कि जब वे व्यवसाय शुरु करने के लिए सरकारी ऋण या मदद देने की बात करते हैं तो वे एसटी और ओबीसी कहते हैं। मुसलमान की तो बात छोड़िए, भाजपा अल्पसंख्यक शब्द का ही इस्तेमाल नहीं करती। भारत के संविधान में अल्पसंख्यक शब्द का उल्लेख है लेकिन भाजपा को एम शब्द से ही सख्त नफरत है। उन्होंने कहा, उन्होंने अल्पसंख्यक शब्द का ही इस्तेमाल नहीं किया। वे कहते हैं कि वंचित समुदायों को छात्रवृत्ति जाएगी। ओवैसी ने दावा किया कि स्कूल छोड़ने वालों में सबसे अधिक संख्या दलितों और मुसलमानों की है लेकिन भाजपा ने जानबूझकर यह सुनिश्चित किया है कि स्कूल छोड़ने की दर मुस्लिम समुदाय में बढ़े। ओवैसी ने दावा किया कि नौकरियों की कमी के कारण देश में बेरोजगारी दर काफी अधिक है, अल्पसंख्यकों के प्रति घृणा का भाव बढ़ा है और संविधान को भी खतरा है। उन्होंने लोगों से मतदान के पहले इस बातों को ध्यान में रखने की अपील की। हैदराबाद से लोकसभा सदस्य ओवैसी ने कहा कि भाजपा भले ही देश को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनाने की बात करती है लेकिन जब वृद्धि की बात आती है तब प्रति व्यक्ति आय को भी ध्यान में रखना चाहिए।

*बुलंदशहर में सीएम योगी ने सपा, बसपा व कांग्रेस पर साधा निशाना, बोले*

## विपक्ष चलाता था दंगा पॉलिसी हम चलाते हैं विकास की पालिसी

बुलंदशहर/गौतमबुद्ध नगर। आस्था, सुरक्षा व समृद्धि के लिए भाजपा आवश्यक है। सपा-बसपा व कांग्रेस के लोग कर्फ्यू वाले हैं। इनके राज में महीनों कर्फ्यू लगा रहता था पर आज प्रदेश में कर्फ्यू नहीं है। दंगा कराकर यह लोग प्रदेश को अस्त-व्यस्त करते थे। यह दंगा पॉलिसी चलाते थे, हम विकास की पॉलिसी चलाते हैं। हमारी सरकार में सामान्य प्रदेशवासियों को 'राम-राम' और माफिया-अपराधियों के लिए 'राम नाम सत्य' की यात्रा के रास्ते खुले रहेंगे। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने गुरुवार को बुलंदशहर के सिकंदराबाद में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। सीएम योगी ने यहां गौतमबुद्ध नगर के सांसद व भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के लिए जनसभा कर वोट की अपील की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के कई नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सीएम योगी ने कहा कि आज हम सभी नए भारत में हैं। 2014 के चुनाव के साक्षी लोग जानते हैं कि उस समय कैसा भारत था। वे वर्तमान पीढ़ी और नवोदित मतदाताओं को बताएं कि उसके पहले लोगों में आक्रोश, अविश्वास था। देश में आतंकवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद सिर चढ़कर बोल रहा था। देश की सभी संस्थाओं में भ्रष्टाचार चरम पर था। युवा निराश व किसान आत्महत्या कर रहा था।

सीएम ने कहा कि दस वर्ष में हमने बदलते भारत को देखा है। नक्सलवाद व आतंकवाद आदि समस्याओं का समाधान हुआ है। कांग्रेस ने समस्या दी। जम्मू समेत पूरे देश को आतंकवाद की चपेट में ला दिया। रोज विस्फोट होते थे, निर्दोष लोग मरते थे। परिवार तबाह हो जाते थे, लेकिन कांग्रेस के लोग तमाशबीन बने रहते थे। एक बार भी यह लोग आतंकवाद के खिलाफ बोलने को तैयार नहीं थे पर आज धारा-370 समाप्त हो गई। सीएम ने कहा कि पहले देश हित नहीं, बल्कि परिवार के बारे में सोचने वाले लोग थे। यह चुनाव स्वार्थ के परिवार बनाम मोदी के परिवार (140 करोड़ का भारत) के बीच है। सपा-बसपा व कांग्रेस के लोग अपने परिवार के बाहर सोच भी नहीं सकते। अब सुरक्षा-निवेश का बेहतर माहौल है। 500 वर्ष बाद रामलला को अपनी जन्मभूमि पर जन्मदिन मनाने का अवसर मिला। भगवान सूर्य की किरणों से तिलक होते सूर्यवंशी राम के अभिषेक को आपने देखा होगा। संपूर्ण सनातन उस आभा को देख आलोकित हो रहा था। सीएम योगी ने कहा कि चुनाव में अनेक लोग आएंगे। जाति-क्षेत्र का सहारा लेंगे। उनसे कहना कि चुनाव बाद आना। हमें राष्ट्रवादी व विकासपरक सोच वाली सरकार चाहिए और वह केवल कमल के फूल से ही संभव हो पाएगा। सीएम ने मौसम की परवाह किए बिना मतदान की अपील की। मतदाताओं को सहेजते हुए कहा कि पहले तीन घंटे में ही 50 फीसदी मतदान की तैयारी कर लें।

## सम्पादकीय मुरादाबाद की ललकार

# मीडिया के सितारे अब राजनीति के पथ पर चलने को तैयार

इन दिनों देश में लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है। जाहिर है राजनीति का आकर्षण प्रबल है। सिने कलाकार, साहित्यकार, वकील, न्यायाधीश, खिलाड़ी, गायक, उद्योगपति सब क्षेत्रों के लोग राजनीति में हाथ आजमाना चाहते हैं। ऐसा ही हाल पत्रकारिता के सितारों का भी है। मीडिया और पत्रकारिता के अनेक चमकीले नाम राजनीति के मैदान में उतरे और सफल रहे। आजादी के आंदोलन में तो मीडिया को एक तंत्र की तरह इस्तेमाल करने के लिए प्रायः सभी वरिष्ठ राजनेता पत्रकारिता से जुड़े और उजली परंपराएं खड़ी कीं। बालगंगाधर तिलक, महात्मा गांधी से लेकर सुभाष चन्द्र बोस, महामना मदनमोहन मालवीय, पंडित नेहरू सभी पत्रकार रहे। आजादी के बाद बदलते दौर में पत्रकारिता और राजनीति की राहें अलग-अलग हो गईं, लेकिन सत्ता का आकर्षण बढ़ गया। जनपक्ष, राष्ट्र सेवा की पत्रकारिता अब आजाद भारत में राष्ट्र निर्माण का भाव भरने में लगी थी। सेवा राजनीति के माध्यम से भी की जा सकती है, यह भाव भी प्रबल हुआ।

मूल्यों पर 'अटल' रहने वाले 'वाजपेयी'

राजनीतिक दलों से संबंधित समाचार पत्रों, पत्रिकाओं के अलावा मुख्यधारा की पत्रकारिता से भी लोग राजनीति में आए, जिसमें सबसे खास नाम श्री अटल बिहारी वाजपेयी का है, जो 'वीर अर्जुन' जैसे दैनिक अखबार के संपादक रहे। इसके साथ ही वे 'स्वदेश', 'पांचजन्य' और 'राष्ट्रधर्म' के भी संपादक रह चुके थे। वह जहां संसदीय राजनीति के लंबे अनुभव के साथ प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री भी रहे, तो वहीं भाजपा के वह संस्थापक अध्यक्ष भी रहे। उप प्रधानमंत्री रहे लालकृष्ण आडवाणी भी 'हिंदुस्तान समाचार' और 'ऑर्गनाइजर' से जुड़े रहे, फिर राजनीति में आए। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे द्वारिका प्रसाद मिश्र दैनिक 'लोकमत', साप्ताहिक 'सारथी' और 'श्री शारदा' के संपादक के रूप में ख्याति प्राप्त हुए। विंध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शंभूनाथ शुक्ल बाद में बने मध्यप्रदेश में मंत्री और सांसद रहे। 'विशाल भारत' के संपादक रहे बनारसी दास चतुर्वेदी दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। गणेश शंकर विद्यार्थी के शिष्य रहे बालकृष्ण शर्मा नवीन 'प्रताप' के संपादक रहे और कांग्रेस से राज्यसभा पहुंचे। महाराष्ट्र का दर्डा परिवार राजनीति में अग्रणी रहा। 'लोकमत' समाचार के संस्थापक जवाहरलाल दर्डा, राजेन्द्र दर्डा और विजय दर्डा सांसद, विधायक और मंत्री रहे। 'विजया कर्नाटक' और 'कन्नड़ प्रभा' अखबार से जुड़े रहे प्रताप सिम्हा भाजपा से दो बार लोकसभा पहुंचे। उनका नाम चर्चा में तब आया, जब उनके द्वारा अनुमोदित विजिटर पास से दो युवकों ने नई संसद में पहुंच कर हंगामा किया।

मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ तक सितारों की जगमगाहट

मूलतः पत्रकारिता से सार्वजनिक जीवन में आने वाले मोतीलाल वोरा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और लंबे समय तक कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रहे। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे श्यामाचरण शुक्ल ने रायपुर से 'दैनिक महाकौशल' अखबार निकाला। भाजपा के मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों के अध्यक्ष रहे लखीराम अग्रवाल ने बिलासपुर से 'लोकस्वर' अखबार निकाला। बिलासपुर के पत्रकार बीआर यादव मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री और चार बार विधायक रहे। बिलासपुर के ही रहने वाले कवि, पत्रकार श्रीकांत वर्मा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा के सदस्य रहे। वे 'दिनमान' के संपादक मंडल में रहने के बाद राजनीति में आए। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के रहने वाले चंदूलाल चंद्राकर दैनिक 'हिन्दुस्तान' के संपादक रहे। बाद में कांग्रेस ने उन्हें राज्यसभा में भेजा। राजनांदगांव के पत्रकार लीलाराम भोजवानी छत्तीसगढ़ सरकार में श्रम मंत्री रहे। 'देशबन्धु' में पत्रकारिता का पाठ पढ़ने वाले चंद्रशेखर साहू छत्तीसगढ़ से सांसद, मंत्री और विधायक रहे। मध्यप्रदेश में सीहोर के पत्रकार शंकर लाल साहू विधायक रहे। त्रिभुवन यादव पिपरिया से विधायक चुने गए। कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे और दो बार विधायक चुने गए विष्णु राजोरिया मूलतः पत्रकार ही हैं, बाद में उन्होंने 'शिखर वार्ता' पत्रिका भी निकाली। मप्र में ही केएन प्रधान सांसद, विधायक और मंत्री भी रहे। नागपुर के अंग्रेजी अखबार 'हितवाद' के प्रकाशन करने वाले बनवारी लाल पुरोहित कांग्रेस और भाजपा दोनों से लोकसभा पहुंचे। संप्रति वे पंजाब के राज्यपाल हैं।

भाजपा हो या कांग्रेस, सबने दिये मौके

कांग्रेस ने राजीव शुक्ला, प्रफुल्ल कुमार माहेश्वरी, कुमार केतकर, विजय दर्डा आदि को राज्यसभा से नवाजा। राजीव शुक्ला मनमोहन सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रहे। वरिष्ठ पत्रकार संजय निरुपम लोकसभा पहुंचे और मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। 'सामना' के संपादक संजय राऊत अपने धारदार बयानों के लिए लोकप्रिय हैं, वे भी राज्यसभा सदस्य हैं। जनता दल (यू) ने प्रभात खबर के संपादक रहे हरिवंश को दो बार राज्यसभा भेजा, वह इन दिनों राज्यसभा के उपसभापति भी हैं।

# लोक सभा निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पुलिस लाइन में अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग सम्पन्न

मुरादाबाद की ललकार

मुरादाबाद । जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन मुरादाबाद में अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी पुलिस अधिकारी/जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों को सहजता और शांतिपूर्ण ढ़ंग से निर्वाचन को कुशलतापर्वूक सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ई0वी0एम0 के प्रोटोकॉल शतप्रतिशत अनुपालन हों तथा ई0वी0एम0 की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाये। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, एसपी देहात, एसपी सिटी, सहित पुलिस अधिकारी /जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहें।

# मा0 विशेष प्रेक्षकगणों ने बेवकास्टिंग एवं एम0सी0एम0सी0 सेन्टर का किया निरीक्षण

मुरादाबाद की ललकार

मुरादाबाद । मा0 विशेष सामान्य प्रेक्षक अजय बी नायक, मा0 विशेष प्रेक्षक पुलिस मनमोहन सिंह, मा0 विशेष व्यय प्रेक्षक राकेश कुटेजा के साथ मा0 सामान्य प्रेक्षक कुमार राहुल, मा0 पुलिस प्रेक्षक रंजन कुमार शर्मा, मा0 व्यय प्रेक्षक शहर एवं ग्रामीण विधान सभा सतीश शितोले एवं मा0 व्यय प्रेक्षक विधान सभा ठाकुरद्वारा एवं बढ़ापुर संदीप गुहा द्वारा संयुक्त रुप से कलेक्टेªट सभागार में ऊपर स्थापित वेबकास्टिंग कंट्रोल रुम, एम0सी0एम0सी0 सेन्टर, सी-विजिल कंट्रोल रुम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मा0 प्रेक्षकगण ने बेवकास्टिंग कंट्रोल रुम एवं एम0सी0एम0सी0 सेन्टर में कार्यरत कर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अपने दायित्वों का ठीक प्रकार से निवर्हन करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# मा0 विशेष प्रेक्षकगणों की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में लोक सभा निर्वाचन में लगे प्रभारी अधिकारी/सह प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न

**मुरादाबाद की ललकार**

मुरादाबाद । कलैक्ट्रेट सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मा0 विशेष सामान्य प्रेक्षक अजय बी नायक, मा0 विशेष प्रेक्षक पुलिस मनमोहन सिंह, मा0 विशेष व्यय प्रेक्षक राकेश कुटेजा एवं मा0 सामान्य प्रेक्षक कुमार राहुल, मा0 पुलिस प्रेक्षक रंजन कुमार शर्मा, मा0 व्यय प्रेक्षक शहर एवं ग्रामीण विधान सभा सतीश शितोले एवं मा0 व्यय प्रेक्षक विधान सभा ठाकुरद्वारा एवं बढ़ापुर संदीप गुहा की अध्यक्षता में निर्वाचन में लगे प्रभारी अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मा0 विशेष सामान्य प्रेक्षक द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य करने के निर्देश दिये गये। बैठक में पोस्टल बैलेट, ई0वी0एम0 संबंधी, एम0सी0सी0 संबंधी, बेवकास्टिंग सहित अन्य निर्वाचन संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का अच्छे से निवर्हन करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शशि भूषण सहित समस्त निर्वाचन कार्यो में लगे प्रभारी अधिकारी एवं सह प्रभारी अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# संभल में उपमुख्यमंत्री मौर्य बोलेः चुनाव के बाद देश कांग्रेस मुक्त, प्रदेश से सपा-बसपा का होगा सफाया

**मुरादाबाद की ललकार**

संभल। संभल में उपमुख्यमंत्री भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में शामिल रहे। इसके बाद उन्होंने विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। कहा कि चुनाव के बाद देश से कांग्रेस का सफाया हो जाएगा। प्रदेश में सपा और बसपा की सरकार के दौरान कानून व्यवस्था चौपट थी।

संभल में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस, सपा-बसपा सहित अन्य विरोधी दलों का सफाया हो जाएगा। कांग्रेस का तो पूरे देश से सफाया हो जाएगा। सपा और बसपा का भी यूपी में खाता नहीं खुलेगा। केशव प्रसाद बृहस्पतिवार को बहजोई के काली माता मंदिर के मैदान पर संभल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2012 से 2017 तक सपा का नारा था कि खाली प्लॉट हमारा है। सपा का जिस गाड़ी पर झंडा लगा होता था उसमें गुंडा बैठा होता था।

सपा शासन में कानून व्यवस्था ध्वस्त थी और बिजली आती नहीं थी। जब से जनता ने साइकिल को पंक्चर किया है तब से बिजली जाती नहीं है और कानून व्यवस्था मजबूत बनी है। कहा कि वह सपा को सफा करना चाहते हैं। सपा को समाप्तवादी पार्टी बनाना चाहते हैं। उप मुख्यमंत्री ने हरदोई का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां सपा से कोई प्रत्याशी चुनाव लड़ना नहीं चाहता है। तीन प्रत्याशी बदल चुके हैं। कहा कि एक देश एक चुनाव कराने, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को पाने, संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत को स्थायी सदस्य के रूप में जगह दिलाने के लिए इस बार 400 पार सीटें लानी हैं। कहा कि कांग्रेस ने जो काम 70 वर्षों में नहीं किया। भाजपा ने 10 वर्ष में किया है। आगे कहा कि 2014 से 2024 तक भाजपा का ट्रेलर था। 4 जून को 4 बजे पूरी पिक्चर दिखाई जाएगी। भाजपा की सभी योजनाएं सभी जाति और धर्म के लोगों तक पहुंची हैं।

पुलिस ने डिप्टी सीएम के पीएसओ को रोक गेट पर

कलक्ट्रेट में नामांकन के दौरान प्रत्याशी सहित पांच ही लोगों को साथ जाने की अनुमति दे रहे थे। भाजपा प्रत्याशी के नामांकन के समय कुछ गहमागहमी रही। भाजपा प्रत्याशी के साथ नामांकन के लिए जा रहे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के पीएसओ को इंस्पेक्टर ने अधिक संख्या होने पर गेट पर रोक दिया।

इस दौरान डिप्टी सीएमओ और मंत्री रुक गई। इंस्पेक्टर ने बाद में गलती मानते हुए जाने को कहा। इस पर पीएसओ नाराज हो गया और अंदर जाने से इंकार कर दिया। इस दौरान दूसरे पीएसओ उनके साथ अंदर गए।

# महापर्व की तैयारी पूरी.. रवाना होने लगी पोलिंग पार्टियां, मुरादाबाद सीट पर आज होगा मतदान

**मुरादाबाद की ललकार**

मुरादाबाद । मुरादाबाद लोकसभा सीट पर शुक्रवार को मतदान होगा। इसके लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जा रहा है। पूरे लोकसभा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए बिजनौर की बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के 405 मतदान स्थलों समेत कुल 2133 मतदान स्थलों पर शुक्रवार को वोट डाले जाएंगे। इस महापर्व में करीब 20.56 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। बृहस्पतिवार सुबह सात बजे से सर्किट हाउस के पीछे स्थित ग्राउंड से पोलिंग पार्टियां रवाना हुई।

इसके लिए प्रशासन ने अधिग्रहीत किए गए छोटे व बड़े सभी वाहनों को तैयार रखवाया था। एडीएम प्रशासन गुलाबचंद ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए 431 भारी वाहनों की व्यवस्था की गई है। जिसमें 243 बस तथा 188 मिनी बस शामिल हैं। इसके अलावा 277 हल्के वाहनों की व्यवस्था की गई है।



मुरादाबाद से रवाना होती पोलिंग पार्टियां - फोटो : अमर उजाला

भारी वाहनों 13 और हल्के वाहनों में 35 वाहन रिजर्व में रखे गए हैं। सभी वाहनों की चेकिंग आदि के बाद सर्किट हाउस के पीछे स्थित प्रांगण में खड़ा करवाया है। उन्होंने बताया कि शांति व निष्पक्ष ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए 1901 पोलिंग पार्टियां बनाई गई हैं। जिनमें 7604 कार्मिक लगाए गए हैं। पूरे लोकसभा क्षेत्र को 138 सेक्टर व 16 जोन में बांटा गया है। बृहस्पतिवार सुबह सात बजे सभी पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जा रहा है।

16 जोन और 135 सेक्टर में बांटे गए 721 मतदान केंद्र

पहले चरण में मुरादाबाद लोकसभा सीट पर होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था का कड़ा चक्रव्यूह तैयार किया है। 721 मतदान केंद्रों को 16 जोन और 135 सेक्टर में बांटा गया है। जिसमें पैरामिलिट्री की 20 कंपनी, दो प्लाटून, पीएसी की आठ कंपनी और एक प्लाटून के अलावा सिविल पुलिस के जवान और होमगार्ड भी तैनात रहेंगे। इसके अलावा सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि मुरादाबाद लोकसभा सीट में आने वाली चार विधानसभा मुरादाबाद शहर, मुरादाबाद देहात, कांठ और ठाकुरद्वारा में 721 मतदान केंद्र और 1728 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। इनमें 206 अति संवेदनशील और 336 मतदेय स्थल संवेदनशील हैं। सभी मतदान केंद्रों को 16 जोन और 138 सेक्टर बनाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। इनमें पैरा मिलिट्री फोर्स और पीएसी की 28 कंपनी और तीन प्लाटून लगाई गई हैं। इसके अलावा सिविल पुलिस के 63 इंस्पेक्टर, 809 सब इंस्पेक्टर, 4376 कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल, 2790 होमगार्ड तैनात रहेंगे।

डीएम और एसएसपी ने फोर्स को किया ब्रीफ

डीएम मानवेंद्र सिंह और एसएसपी हेमराज मीना ने बुधवार को पुलिस लाइन में फोर्स को ब्रीफ किया। डीएम ने सभी पुलिस अधिकारी, जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों को सहजता और शांतिपूर्ण ढंग से निर्वाचन को कुशलता पूर्वक संपन्न कराने के आदेश दिए। एसएसपी हेमराज मीना ने कहा कि सभी की जिम्मेदारी है कि मतदान शांतिपूर्ण कराएं।

वह अपने हथियार किसी अंजान व्यक्ति को न सौंपें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, एसपी देहात संदीप कुमार मीना, एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## गड्ढे में पहिया आने पर बाइक से उछलकर गिरी महिला, अस्पताल में मौत... बेटे के साथ जा रही थी दवा लेने

**मुरादाबाद की ललकार**

संभल । बेटे के साथ दवा लेने जा रही मां की सड़क हादसे में मौत हो गई। इससे उसके परिजनों में कोहराम मच गया। मौत की वजह सिर में चोट लगने बताया जा रहा है।

कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव लधनपुर में बुधवार की दोपहर करीब ढाई बजे सड़क में बने गड्ढे में पहिया आने से बाइक अनियंत्रित हो गई। जिससे पीछे बैठी गवां के मोहल्ला हरिजन बस्ती निवासी नीरू (48) बाइक से उछलकर नीचे गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई।

रजपुरा थाना क्षेत्र के कस्बा गवां के मोहल्ला हरिजन बस्ती निवासी विष्णु ने बताया कि बुधवार की दोपहर वह अपनी मां नीरू को दवाई दिलाने के लिए बाइक से संभल जा रहा था। संभल-गवां मार्ग पर गांव लधनपुर के पास सड़क में बने गड्ढे में उसकी बाइक का पहिया आ गया।

जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई और बाइक पर पीछे बैठी उसकी मां नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर एकत्र राहगीरों की मदद से गंभीर रूप से घायल मां को उपचार के लिए संभल के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे।

जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। महिला अपने पीछे तीन बेटों को छोड़ गई हैं। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर कई जगह बड़े और गहरे गड्ढे हैं। कई किलोमीटर के दायरे में फैले इन गड्ढों से ही हादसे हो रहे हैं। इसी के चलते महिला की हादसे में जान चली गई।



नीलगाय से टकराई कार, चालक जख्मी

असमोली थाना क्षेत्र के गांव रूस्तमपुर न्यावली निवासी आसिफ अपनी पत्नी आशिया, बहन सब्बो और छोटे भाई अतीक के साथ वैगनार कार से अपनी ससुराल दबोई खुर्द जा रहा था। संभल-जोया मार्ग पर महमूदनगर और अकबरपुर गहरा के बीच में पहुंचा तो कार नीलगाय से टकरा गई।

हादसे में कार चालक आसिफ निवासी रूस्तमपुर न्यावली घायल हो गया। वहीं जुनाबई के गांव गेहट निवासी अजय (25 )पत्नी गुड्डो व मां अनोखी के साथ बाइक से गुन्नौर आया था। पत्नी का अल्ट्रासाउंड कराने के बाद बाइक से वापस घर लौट रहे थे।

बदायूं -मेरठ हाईवे पर स्थित पानी की टंकी के नजदीक पहुंचा, तभी उसकी बाइक छुट्टा पशु से टकरा गई। हादसे में अजय, उसकी पत्नी गुड्डो, मां अनोखी घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

वहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल महिला अनोखी को हायर सेंटर रेफर कर दिया। अजय व उसकी पत्नी को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए।

## बीस लाख 56 हजार मतदाता आज चुनेंगे अपना सांसद

**मुरादाबाद की ललकार**

मुरादाबाद। लोकसभा क्षेत्र के बीस लाख 56 हजार मतदाता शुक्रवार को मतदान कर अपना सांसद चुनेंगे। इस बार 12 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। मतदान कराने के लिए 1725 पोलिंग पार्टियां मतदान स्थलों पर पहुंच गई हैं। शुक्रवार की सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। आयोग ने मतदान के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

बुद्धि विहार में पुलिस कर्मियों और मतदान कर्मियों को मतदान स्थलों तक भेजने के लिए टेंट लगाए गए थे। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह और एसएसपी हेमराज मीणा के नेतृत्व में बृहस्पतिवार की सुबह से लेकर शाम तक 1728 बूथों पर कर्मचारी बसों से भेजे गए। मतदान कर्मियों ने बूथों पर अपना मोर्चा संभाल लिया है। सीडीओ सुमित यादव ने बताया कि कुल सात हजार 600 कर्मचारियों की मतदान के लिए ड्यूटी लगाई गई है। इनमें दस प्रतिशत कर्मचारी रिजर्व में रखे गए हैं। मतदान स्थलों पर छह हजार 900 कर्मचारी मोर्चा संभाल रहे हैं। बढ़ापुर के 405 बूथों पर कर्मचारियों की ड्यूटी बिजनौर से लगाई गई है। लोकसभा क्षेत्र में 20 लाख 56 हजार 514 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे।

इस विधानसभा सीट पर इतने मतदाता




बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र : तीन लाख 59 हजार 915 मतदाता

कांठ विधानसभा क्षेत्र : तीन लाख 91 हजार 128 मतदाता

-ठाकुरद्वारा : तीन लाख 77 हजार323 मतदाता

मुरादाबाद ग्रामीण : तीन लाख 91 हजार 371 मतदाता

मुरादाबाद नगर : पांच लाख 36 हजार 777 मतदाता

ये प्रत्याशी हैं मैदान में

इस बार मुरादाबाद लोकसभा सीट से 12 प्रत्याशी मैदान में हैं। इसमें बसपा से मो. इरफान सैफी, सपा से रूचि वीरा, भाजपा से कुंवर सर्वेश कुमार, अपना हक पार्टी के अजय यादव, भारतीय बहुजन समाज पार्टी के ओंकार सिंह, राष्ट्रीय कांग्रेस (जे) पार्टी से गंगा राम शर्मा, समता पार्टी से शकील अहमद, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया के हरकिशोर सिंह, निर्दलीय अमरजीत जाटव, मो. जमशेद, मुर्सरत हुसैन और साधना सिंह शामिल हैं।

## मुरादाबाद मंडल में डॉक्टर से प्रोफेसर तक रहे हैं सांसद, राजनीति में शामिल हो बनाई अगल छवि

**मुरादाबाद की ललकार**

मुरादाबाद । मुरादाबाद मंडल में अब तक चुने गए सांसदों में डॉक्टर से लेकर प्रोफेसर तक शामिल हैं। इन सभी लोगों ने राजनीति में अगल छवि बनाई। यह सांसद वर्ष 1977 से 2019 के बीच चुने गए। मुरादाबाद मंडल में चुने गए सांसदों में डॉक्टर से लेकर प्रोफेसर तक शामिल हैं। ये सांसद वर्ष 1977 से 2019 के बीच चुने गए हैं। जो सांसद बनने के बाद भी अपने पेशे को नहीं छोड़ा। मुरादाबाद से वर्तमान सपा सांसद डॉ. एसटी हसन एक सर्जन है।

संभल से 2004 में प्रो. रामगोपाल यादव को जनता ने सांसद चुनकर संसद भेजा था। राजनीति से पहले प्रोफेसर रामगोपाल यादव इटावा स्थित एक कॉलेज में प्रवक्ता रह चुके हैं। नगीना के मतदाताओं ने 2014 में डॉ. यशवंत सिंह को सांसद चुनकर संसद भेजा था।

डॉ. राजेंद्र कुमार शर्मा

डॉ. राजेंद्र कुमार शर्मा रामपुर से 1977 और 1991 में सांसद चुने गए थे। हाथरस के रहने वाले राजेंद्र कुमार शर्मा ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से पढ़ाई करने के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली से जैव रसायन विज्ञान में डिग्री हासिल की थी। उन्होंने पैथोलॉजी में डीएससी और जैव रसायन में पीएचडी की। उन्हें 2014 में रॉयल सोसायटी ऑफ द आर्ट्स का फेलो चुना गया था।

डॉ. एसटी हसन

2019 में चुने गए मुरादाबाद के सांसद डॉ. एसटी हसन ने 1981 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से एमबीबीएस किया था। इसके बाद उन्होंने मास्टर इन सर्जरी की। सांसद बनने के बाद भी डॉ. एसटी हसन आज भी मरीज देखते हैं। वह 2006 से 2012 तक मुरादाबाद के मेयर रहे।

डॉ. यशवंत सिंह

डॉ. यशवंत सिंह 2014 में नगीना से सांसद रह चुके हैं। पेशे से वह एक डॉक्टर हैं। उन्होंने नेहरू मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली से पैथोलॉजी में एमडी की उपाधि प्राप्त की है। वह विधायक भी रह चुके हैं।

प्रो. राम गोपाल यादव

2004 से 2008 तक संभल के सांसद रह चुके प्रो. रामगोपाल यादव ने आगरा विश्वविद्यालय से भौतिक विज्ञान में एसएससी और कानपुर विश्वविद्यालय से एमए करने के बाद पीएचडी की। वह 1969 में केके पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में भौतिक विज्ञान में प्रवक्ता नियुक्त हुए थे। 1994 में वह चौधरी चरण सिंह डिग्री कॉलेज इटावा के प्रधानाचार्य बने।

# 'हारे तो होगा तीसरा विश्व युद्ध'

## यूक्रेन बोला–दुनिया का सिक्योरिटी सिस्टम तबाह हो जाएगा, रूस के मिसाइल हमले में 17 की मौत, तीसरे साल में पहुंचा रूस–यूक्रेन युद्ध

● नई दिल्ली,

**यूक्रेन** के प्रधानमंत्री डेनिस शमिहाल ने कहा है कि अगर यूक्रेन रूस से जंग हारता है, तो दुनिया में विश्व युद्ध हो जाएगा। इइउ से बात करते हुए यूक्रेनी प्रधानमंत्री ने अमेरिकी कांग्रेस से आर्थिक मदद से जुड़ा बिल पास करने का आग्रह किया है।

पीएम शमिहाल ने कहा कि हमें युद्ध लड़ने के लिए आज आर्थिक मदद की जरूरत है, कल या परसो नहीं। अगर हम मिलकर यूक्रेन की सुरक्षा नहीं करेंगे तो यूक्रेन हार जाएगा। इससे दुनिया की सुरक्षा से जुड़ा ढांचा तबाह हो जाएगा। कई जगहों पर युद्ध छिड़ जाएंगे और तीसरे विश्व युद्ध होने की नौबत आ जाएगी। दरअसल, अमेरिका में शनिवार (20 अप्रैल) को यूक्रेन के लिए आर्थिक मदद से जुड़े बिल पर वोटिंग होने वाली है। इसमें यूक्रेन को 5.09 लाख करोड़ रुपए की आर्थिक मदद देने की बात है। बिल के प्रपोजल में यूक्रेन के अलावा इजराइल और इंडो-पैसेफिक देशों का भी नाम है। हालांकि कुछ अमेरिकी सांसद यूक्रेन को भेजी जाने वाली आर्थिक मदद का विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि इस पैसे का इस्तेमाल अमेरिका-मेक्सिको बॉर्डर मजबूत करने के लिए किया जाना चाहिए। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि वे कांग्रेस से बिल



पास होने के तुरंत बाद इसे साइन कर देंगे, जिससे दुनिया में यह मैसेज जाए कि अमेरिका अपने दोस्तों के साथ हमेशा खड़ा रहता है। वहीं बुधवार को रूस ने यूक्रेनी शहर चर्निहीव पर तीन मिसाइलों से हमला किया। इसमें 17 लोगों की मौत हुई है, वहीं 61 लोग घायल हुए हैं। बचाव टीम इमारतों के मलबों में लोगों की तलाश कर रही है। चर्निहीव शहर राजधानी कीव से लगभग 150 किलोमीटर (90 मील) उत्तर में, रूस और बेलारूस की सीमा के पास स्थित है। इसकी आबादी लगभग 2.50 लाख है। यह पहली बार नहीं है, जब यूक्रेन ने दुनिया को तीसरे वर्ल्ड वॉर की चेतावनी दी है। पिछले साल यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी तीसरे विश्व युद्ध को लेकर धमकी दे चुके हैं। जेलेंस्की ने कहा था कि अगर रूस जीतता है, तो वो पोलैंड पर हमला करेगा, जिससे तीसरे विश्व युद्ध होने के आशंका है। हालांकि रूस ने इस बयान को सिरे से खारिज कर दिया था। रूसी राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन के बाद ईस्टर्न यूरोप पर हमला करने के दावे को बकवास बता चुके हैं। रूस और यूक्रेन का युद्ध अपने तीसरे साल में पहुंच गया है। यूक्रेन के हथियार और सैनिक दिन पर दिन कम होते जा रहे हैं। वर कांग्रेस के स्पीकर माइक जॉनसन ने कहा है कि वे यूक्रेन के इस आर्थिक पैकेज वाले बिल को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। यूक्रेन मुख्य तौर पर हथियारों के लिए अमेरिका पर निर्भर करता है। धीरे धीरे उसके हथियार खत्म हो रहे हैं। ऐसे में अगर अमेरिका यूक्रेन को आर्थिक मदद नहीं देगा तो यूक्रेन युद्ध हार जाएगा। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन-रूस जंग में अब तक 50 हजार से ज्यादा रूसी सैनिकों की मौत हुई है। वहीं यूक्रेन ने जंग के दूसरे साल में 27 हजार 300 रूसी सैनिकों को गंवाया है। इससे पहले फरवरी में राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी यूक्रेनी सैनिकों की मौत का आंकड़ा बता चुके हैं। जेलेंस्की के मुताबिक युद्ध में अब तक सिर्फ 31 हजार यूक्रेनी सैनिकों ने जान गंवाई है।

# राजग केरल में खाता भी नहीं खोल पाएगाः सीताराम

● कोझिकोड,

**मार्क्सवादी** कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा है कि चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कथित रुप से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन करने वाले बयानों के खिलाफ दर्ज शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की है।

येचुरी ने गुरुवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों का उद्देशय साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण को तेज करना है और यह भाषण में स्पष्ट सुनायी दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में दो दिन पहले माकपा ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बुधवार से 'दूरदर्शन लोगो' को भगवा रंग में बदलने के केंद्र सरकार के कदम की भी आलोचना की। उन्होंने भाजपा सरकार पर भारतीय झंडे का रंग बदलने की कोशिश करने का आरोप लगाया। माकपा महासचिव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में माओवादी समस्या एक राजनीतिक मुद्दा है और उनकी विकास समस्याओं को राजनीतिक रूप से हल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसे कानून-व्यवस्था का

### कहा- कांकेर जिले में माओवादी समस्या एक राजनीतिक मुद्दा है



मुद्दा नहीं माना जाना चाहिए और माओवादियों से बंदूक की नोक से नहीं लड़ा जाना चाहिए। येचुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केरल यात्रा से लोकसभा चुनाव के नतीजों पर कोई असर नहीं पड़ेगा और भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) केरल में खाता भी नहीं खोल पायेगा। यहां मुख्य मुकाबला कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ और माकपा के नेतृत्व वाले एलडीएफ के बीच है।



मतदान करने के बाद उंगली पर निशान दिखाते जिलाधिकारी मुरादाबाद




मतदान करने के बाद उंगली पर निशान दिखाते मुरादाबाद देहात विधायक हाजी नासिर कुरैशी



**मतदान करने के बाद उंगली पर निशान दिखाते मुरादाबाद नगर विधायक रितेश गुप्ता**

## भारत के नए नौसेना प्रमुख होंगे वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी



वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी देश के नए नौसेना प्रमुख बनने जा रहे हैं. वह मौजूदा नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की जगह लेंगे. दरअसल एडमिरल आर हरि कुमार 30 अप्रैल को रिटायर होने जा रहे हैं. उनके रिटायरमेंट के बाद वाईस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी नौसेना का पदभार संभालेंगे.वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, पीवीएसएम, एवीएसएम, एनएम, वर्तमान में नौसेना स्टाफ के वाइस चीफ के रूप में सेवाएं दे रहे हैं. वह 30 अप्रैल, 2024 की दोपहर से देश के नए नौसेना प्रमुख का पदभार संभालेंगे. भारत सरकार ने उनको नया नौसेना प्रमुख नियुक्त किया है. नौसेना स्टाफ, एडमिरल आर हरि कुमार, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम 30 अप्रैल को रिटायर हो रहे हैं।



लोकसभा बदायूँ के लोकप्रिय प्रत्याशी श्री दुर्विजय सिंह शाक्य जी के नामांकन में माननीय केंद्रीय मंत्री श्री बीएल वर्मा जी,प्रदेश मंत्री श्री डीपी भारती जी, जिला अध्यक्ष श्री राजीव कुमार गुप्ता जी,सांसद डॉ संघमित्रा जी,सदर विधायक श्री महेश चंद्र गुप्ता जी,बिल्सी विधायक श्री हरीश शाक्य जी,एमएलसी श्री वागीश पाठक जी,पूर्व विधायक पुष्पा देवी यादव जी के साथ नामांकन कराने पहुँचे......

## रोड शो में थमा गया रथ... मुख्यमंत्री हुए नाराज प्रचार छोड़ हुए रवाना




भिंड में आज भाजपाई रोड शो उस वक्त फ्लॉप हो गया जब बीच रास्ते में रथ चलते-चलते बंद हो गया... इस रथ के ऊपर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तो मौजूद थे ही, वहीं लोकसभा प्रत्याशी संध्या राय सहित कई अन्य नेता मौजूद थे... मजे की बात तो यह है कि इस बंद हुए रथ को चालू करने के लिए सुरक्षाकर्मियों सहित अन्य ने धक्का *लगाया, लेकिन रथ चालू नहीं हुआ... यह देख नाराज मुख्यमंत्री प्रचार छोड़कर नीचे उतरे और कार में बैठकर सीधे हेलीपेड के लिए रवाना हो गए... *यह रोड शो लहार चौराहे से शुरू हुआ था, लेकिन किले रोड के पास यह रथ खराब हो गया... इधर, सीएम की नाराजगी से मौजूद नेताओं के हाथ-पांव *फूल गए और जब मीडिया ने संध्या राय से इस बारे में पूछा तो पहले तो उन्होंने इससे इनकार किया, लेकिन जब *वीडियो का हवाला दिया तो वे बोलीं कि मशीनरी है, खराब आ जाती है, टेक्निकल प्रॉब्लम है।




मुरादाबाद में मतदान करने पोलिंग बूथ पर पहुंचे भूपेंद्र सिंह चौधरी यूपी भाजपा के अध्यक्ष साथ मे पत्नी मौजूद



**मुरादाबाद की ललकार**

मुरादाबाद में शुक्रवार का हुए मतदान में एडवोकेट अनुज जी ने अपनी पत्नी के साथ मतदान किया फिर उन्होंने सभी मतदाताओं से देश हित में वोट करने की अपील की।

## यूपी की 8 लोकसभा सीटों पर 60.25% वोटिंग:सहारनपुर में सबसे ज्यादा 65.95% वोट पड़े; मुरादाबाद में सपा कैंडिडेट की पुलिस से झड़प



यूपी में लोकसभा की 8 सीटों पर पहले फेज का मतदान खत्म हो गया है। 60.25% मतदान हुआ है। सहारनपुर में सबसे ज्यादा 65.95%, जबकि रामपुर में सबसे कम 54.77% वोटिंग हुई है। पीलीभीत में 61.91%, मुरादाबाद में 60.60%, कैराना में 61.17%, मुजफ्फरनगर में 59.29%, बिजनौर में 58.21%, नगीना में 59.54% वोट पड़े हैं। 2019 में पीलीभीत में 67.41%, मुरादाबाद में 65.46% में रहा।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक असद आलम द्वारा ए.एच. प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद से मुद्रित और कार्यालय मुरादाबाद की ललकार (हिन्दी साप्ताहिक) समाचार पत्र असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया निकट ए.एच. प्रिंटर्स, मुरादाबाद (उ.प्र.) 244001 से प्रकाशित एवं वितरित। सम्पादक : असद आलम मो. 9756618439



समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार/लेख में व्यक्त विचारों में सम्पादक का सहमत होना आवश्यक नहीं। लेखक अपने लेख का स्वयं उत्तरदायी है। समस्त विवादों का निवायिक क्षेत्र केवल मुरादाबाद न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री या विज्ञापन से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की कार्यवाही या पूछताछ प्रकाश माह से तीन माह के अन्दर की जा सकती है।